पावर ट्रॉंसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लि0
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
मानव संसाधन एवं प्रशासनिक विभाग
विद्युत भवन, नजदीक–आई0एस0बी0टी0 क्रासिंग, सहारनपुर रोड़, माजरा, देहरादून–248002
दूरभाष नं0 0135–2645249 फैक्स नं0 0135–2645249 email:-hr@ptcul.org

पत्रांक: 366 /मा0सं0एवंप्र0वि0/पिटकुल/जी–4 दिनांक: 03.03.2022

# राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस

प्रतिष्ठानों में कार्यरत कार्मिकों के बीच सुरक्षा जागरूकता को बढ़ाने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष की दिनांक 04 मार्च को राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया जाता है एवं इस दिन से ही एक सप्ताह तक चलने वाला सुरक्षा अभियान भी प्रारम्भ होता है। समस्त भारतवर्ष में दिनांक 04 मार्च, 2022 को 51वां राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया जा रहा है। उक्त अभियान का उद्देश्य सुरक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण से सम्बन्धित सहायता सेवाएं प्रदान करके लोगों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता की भावना पैदा करना है ताकि सम्भावित दुर्घटनाओं को रोकने के लिये प्रयोग में लाये जाने वाले सुरक्षा उपायों/उपकरणों के प्रयोग के बारे में जागरूकता को बढ़ाया जा सके।

ऊर्जा विभाग के परिचालन कार्य जोखिम (Risk) कार्यों में आते हैं अतः दिनांक 04 मार्च, 2022 को राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के दृष्टिगत कार्मिकों के मध्य सुरक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण सम्बन्धी जागरूकता बढ़ाने हेतु विद्युत भवन, पिटकुल मुख्यालय के प्रांगण में दिनांक 04.03.2022 को प्रातः 11:00 बजे प्रतिज्ञा सभा का आयोजन किया जा रहा है। अतः पिटकुल मुख्यालय में कार्यरत समस्त कार्मिकों से निवेदन है कि उक्त प्रतिज्ञा सभा में ससमय उपस्थित हो कर प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

(अशोक कुमार जुयाल)
उपमहाप्रबन्धक (मा0सं0)/(औ0सं0)

पत्रांक: 366 /मा0सं0एवंप्र0वि0/पिटकुल/जी–4/तद्दिनांक:
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. निजी सहायक–प्रबन्ध निदेशक, पिटकुल को प्रबन्ध निदेशक महोदय के संज्ञानार्थ प्रेषित।
2. निजी सहायक/डी0ई0ओ0–निदेशक(परिचालन)/(मा0सं0)/(वित्त)/(परियोजना) पिटकुल को निदेशक गणों के संज्ञानार्थ प्रेषित।
3. समस्त मुख्य अभियन्ता/महाप्रबन्धक पिटकुल मुख्यालय देहरादून।
4. समस्त अधीक्षण अभियन्ता/उपमहाप्रबन्धक पिटकुल मुख्यालय देहरादून।
5. समस्त अधिशासी अभियन्ता/समकक्ष पिटकुल मुख्यालय देहरादून।
6. अधिशासी अभियन्ता (सू0प्रौ0), पिटकुल, देहरादून को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उपरोक्त सूचना को पिटकुल की वैबसाईट पर प्रदर्शित करवाना सुनिश्चित करें।
7. सूचना पट पिटकुल मुख्यालय देहरादून।

(अशोक कुमार जुयाल)
उपमहाप्रबन्धक (मा0सं0)/(औ0सं0)

# राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस(04 मार्च) के अवसर पर कार्मिकों के द्वारा लिये जाने वाले
# ''सुरक्षा एवं स्वास्थ्य प्रतिज्ञा पत्र''

आज के दिन मैं सत्यनिष्ठा से प्रतिज्ञा करता हूँ/करती हूँ कि मैं अपने आप को सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के बचाव के प्रति समर्पित करूँगा/करूँगी। नियमों, विनियमों एवं कार्यविधियों के पालन हेतु यथाशक्ति प्रयत्न करूँगा/करूँगी, और निश्चित रूप से इन लक्ष्यों की प्राप्ति करने हेतु प्रेरणादायक अभिवृत्तियों एवं आदतों का विकास करूँगा/करूँगी।

मेरी यह पूर्ण रूप से मान्यता है कि दुर्घटनाएं और व्यावसायिक बीमारियॉ राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को दुर्बल बनाती हैं तथा यह विकलांगता, मृत्यु एवं स्वास्थ्य के लिए हानिकारक भी हैं। साथ ही सम्पत्ति की क्षति, सामाजिक कष्ट और पर्यावरण के निकृष्ट होने का कारण भी बनती है।

मैं अपने परिवार, संस्थान, समाज एवं राष्ट्र के हित में इन दुर्घटनाओं, व्यावसायिक बीमारियों की रोकथाम और पर्यावरण के बचाव के लिए हर सम्भव प्रयत्न करूँगा/करूँगी।

..........................................................